भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 274

04 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एनपी-एनसीडी के लिए बजट आवंटन और व्यय

274. **श्री नीरज डांगी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के बजट आवंटन और व्यय की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) संसाधन उपयोग के संदर्भ में पाँच सर्वश्रेष्ठ और सबसे खराब कार्य प्रदर्शन वाले राज्यों के नाम क्या है;

(ग) सरकार द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों की सहायता के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा देश में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की रोकथाम और उपचार के लिए संसाधनों का प्रति व्यक्ति कितना आवंटन किया गया है?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ) : वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के लिए राज्य / संघ राज्य क्षेत्रवार आवंटित धनराशि और व्यय **अनुलग्नक** में संलग्न है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हिस्से के रूप में गैर-संचारी रोगों (एनपी-एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम

के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह कार्यक्रम मधुमेह और उच्च रक्तचाप सहित गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, शीघ्र निदान, उपचार और प्रबंधन के लिए उचित स्तर की स्वास्थ्य सेवा सुविधा के लिए रेफरल और स्वास्थ्य संवर्धन तथा जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।
एनपी-एनसीडी के अंतर्गत 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 372 जिला डे-केयर सेंटर, 233 कार्डियक केयर यूनिट और 6410 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।
एनसीडी का वित्तपोषण पैटर्न 60:40 (भारत सरकार: राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र) है , पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों का अनुपात 90:10 (भारत सरकार: पूर्वोत्तर/पहाड़ी राज्य) है और बिना विधान वाले संघ राज्य क्षेत्रों के लिए शत-प्रतिशत में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित होता है।

मधुमेह और उच्च रक्तचाप सहित आम गैर-संचारी रोगों की जांच, प्रबंधन और रोकथाम के लिए जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है । मधुमेह और उच्च रक्तचाप सहित इन आम गैर-संचारी रोगों की जांच सेवा प्रदायगी का एक अभिन्न अंग है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकलापों और लक्षित संचार को बढ़ावा देकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप के निवारक पहलू को सुदृढ़ बनाया जाता है।

अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एनएचएम के तहत गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) हेतु एसपीआईपी अनुमोदन और व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2024-25**	
		एसपीआईपी अनुमोदन	**व्यय**
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	77.50	6.58
2	आंध्र प्रदेश	2,793.95	2,603.96
3	अरुणाचल प्रदेश	778.50	86.99
4	असम	1,170.79	556.29
5	बिहार	15,239.36	3,483.06
6	चंडीगढ़	5.55	1.67
7	छत्तीसगढ	3,489.59	356.73
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव	220.20	1.43
9	दिल्ली	1,002.36	18.96
10	गोवा	380.84	87.59
11	गुजरात	4,183.61	493.87
12	हरियाणा	5,093.87	539.46
13	हिमाचल प्रदेश	1,239.49	240.31
14	जम्मू और कश्मीर	1,016.40	168.10
15	झारखंड	4,668.04	1,874.60
16	कर्नाटक	1,645.43	611.44
17	केरल	5,464.00	143.39
18	लद्दाख	1,126.35	74.70
19	लक्षद्वीप	31.70	7.72
20	मध्य प्रदेश	7,207.23	1,372.13
21	महाराष्ट्र	22,614.03	1,835.98
22	मणिपुर	1,448.36	160.00
23	मेघालय	1,002.20	627.63
24	मिजोरम	157.71	19.34
25	नगालैंड	452.79	244.02
26	ओडिशा	5,251.02	2,854.96
27	पुदुचेरी	499.08	27.12
28	पंजाब	4,255.14	83.52
29	राजस्थान	14,509.00	1,036.56
30	सिक्किम	243.93	139.58
31	तमिलनाडु	2,390.02	2,497.89
32	तेलंगाना	4,141.10	489.00
33	त्रिपुरा	670.00	167.87
34	उत्तर प्रदेश	19,367.35	3,266.21
35	उत्तराखंड	1,232.86	755.36
36	पश्चिम बंगाल	8,563.20	4,344.98

*****